दिनांक 17 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

जोन के स्वच्छता अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है सैनिटाइजिंग का कार्य

भिलाईनगर / कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु भिलाई निगम द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। निगम के कर्मी सभी वार्डों में घर-घर जाकर सघन रूप से सेनेटाइज करने का कार्य कर रहे हैं। जिलाधीश द्वारा लगाए गए धारा 144 का पालन कराने निगम की टीम भी लगातार माॅनिटरिंग कर रही है। सार्वजनिक स्थानों के पास भीड़ जमा न हो इसका पालन कराया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके ! नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी वार्डों को सेनेटाइज कर संक्रमण मुक्त करने जुटा हुआ है। सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से आवश्यक सेवा वाले दुकान , खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर सहित बार बार छुए जाने वाले वस्तुओं तथा बाजार व व्यसायिक क्षेत्र व घर के आस पास टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से निगम क्षेत्र के 2114 स्थानों पर स्वच्छता कर्मचारियों ने सेनेटाइज करने का कार्य किया।

जनसम्पर्क अधिकारी